सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **66**
20/01/2026

# सरकारी तकनीकी संस्थानों के छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में अवसरय इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों की प्लेसमेंट में सकारात्मक परिणाम

पटना, 20 जनवरी 2026 :– विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार के अंतर्गत संचालित सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों ने हाल ही में आयोजित विभिन्न चयन प्रक्रियाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्रों के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में VE Commercial Vehicles (Volvo–Eicher समूह का संयुक्त उपक्रम) शामिल थी। इस बहु–स्तरीय प्रक्रिया में पहले ऑनलाइन तकनीकी और एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाया गया, जो 19 जनवरी 2026 को पटना स्थित तारामंडल परिसर में संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, भोजपुर के आनंद दीप, भागलपुर स्थित बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के दिव्यम कश्यप, और बख्तियारपुर स्थित बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के राजीव गुप्ता का चयन हुआ। चयनित छात्रों को ₹6 लाख प्रति वर्ष का वेतन पैकेज प्रदान किया जाएगा ।

इसके अतिरिक्त, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, भोजपुर के 21 विद्यार्थियों का चयन कोलकाता स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी हाईटेक नेक्स्ट इंजीनियरिंग एंड टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड में ऑनलाइन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। चयनित विद्यार्थियों में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग संकाय के छात्र शामिल हैं।

इसी प्रकार गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, भागलपुर में आयोजित चयन प्रक्रिया में Yokohama Off-Highway Tires द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं का चयन किया गया। कुल 70 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 50 छात्राओं का चयन हुआ। इसमें गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, भागलपुर से 33 और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, बांका से 17 छात्राओं ने सफलता हासिल की। यह पहल तकनीकी शिक्षा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———————————